म.प्र. स्टेट सामाजिक संपरीक्षा समिति (MPS-4)

(पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के अधीन पंजीकृत संस्था)

म.प्र. राज्य रोजगार गारंटी परिषद् खण्ड–01 भूतल पर्यावास भवन, अरेरा हिल्स, भोपाल

दूरभाष क्र. 0755– 2575559, 2575560 मेल आईडी – dsa.nregs@gmail.com , dsa.nregs@rediffmail.com

आवक क्र. 528 दिनांक 23/2/17

क्रमांक 1630/MPS-4 / SA-305 / 2017 भोपाल, दिनांक 23 /02/ 2017

प्रति,

1. मुख्य कार्यपालन अधिकारी,
   जन अभियान परिषद्, राजीव गांधी भवन, भोपाल
2. सलाहकार,
   मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम,
   उद्यमी विकास संस्थान, राजीव गांधी भवन, भोपाल

विषयः–मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम पाठ्यक्रम अंतर्गत लक्षित ग्राम पंचायतों में से शेष रही ग्राम पंचायतों में सामाजिक अंकेक्षण करने हेतु बैठक।

विषयांतर्गत मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम पाठ्यक्रम के अंतर्गत बैचलर ऑफ सोशल वर्क (नेतृत्व विकास) में अध्ययनरत द्वितीय वर्ष के छात्रों के माध्यम से मनरेगा कार्यों का सामाजिक अंकेक्षण दिनांक 26 दिसम्बर 2016 से 14 जनवरी 2017 के मध्य सम्पन्न किया गया है।

प्रत्येक विकासखण्ड से 25 ग्राम पंचायतों को लक्षित किया जाकर छात्रों की संख्या के आधार पर चयनित ग्राम पंचायतों में ही सामाजिक अंकेक्षण किया गया है। लक्षित ग्राम पंचायतों में से शेष बची हुई ग्राम पंचायतों में सामाजिक अंकेक्षण का कार्य मार्च 2017 तक पूर्ण किया जाना है। तत्संबंध में तिथिवार कार्यक्रम निर्धारण के संबंध में दिनांक 25 फरवरी 2017 को प्रात 11:30 बजे पर्यावास भवन स्थित म.प्र. स्टेट सामाजिक संपरीक्षा समिति कार्यालय में बैठक का आयोजन किया गया है।

अतः निर्धारित दिनांक एवं समय पर बैठक में आपकी उपस्थिति प्रार्थित है।

संलग्न :- एजेंडा

(हस्ताक्षर) 23/02/17
उपायुक्त
म.प्र. स्टेट सामाजिक संपरीक्षा समिति
भोपाल

पृ. क्र. 1630-A/MPS-4/SA-305 / 2017 भोपाल, दिनांक 23/02/ 2017

प्रतिलिपिः–

1. **प्रमुख सचिव,** म.प्र. शासन, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, मंत्रालय वल्लभ भवन, भोपाल की ओर सूचनार्थ।
2. **निज सहायक, मुख्य कार्यपालन अधिकारी,** म.प्र. डे–ग्रामीण आजीविका मिशन, भोपाल की ओर सूचनार्थ।

(हस्ताक्षर) 23/02/17
उपायुक्त
म.प्र. स्टेट सामाजिक संपरीक्षा समिति
भोपाल

TM 23/02

सीएमसीएलडीपी अंतर्गत बीएसडब्ल्यू के द्वितीय वर्ष के छात्रों के माध्यम से सामाजिक अंकेक्षण से संबंधित बैठक दिनांक 25.02.2017

एजेण्डा

1. सामाजिक अंकेक्षण प्रक्रिया उपरांत जनपद पंचायत कार्यालय में भरे हुए पत्रक जमा करने की स्थिति पर चर्चा।
2. यात्रा एवं स्वल्पाहार भत्ता के भुगतान की स्थिति।
3. 25 लक्षित ग्राम पंचायतों में से शेष रही ग्राम पंचायतों में सामाजिक अंकेक्षण प्रक्रिया आगामी माह मार्च 2017 में सम्पन्न करने पर चर्चा।
4. इंटर्नशिप अवधि के प्रमाण–पत्र वितरण की स्थिति पर चर्चा।
5. सामाजिक अंकेक्षण में संलग्न छात्रों की सहभागिता एवं उपयोगिता पर चर्चा।